**Sub. Code: 302**

Roll No. __________

Please Check that this question paper contains 14 questions and 09 printed pages

# DAV INSTITUTIONS, CHHATTISGARH

## SAMPLE QUESTION PAPER – 4 : 2023-24

**Class: XII**

**Time Allowed : 3 hrs.** **Subject – Hindi (Core)** **Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र मे दो खंड है - खंड 'अ' और 'ब'। कुल प्रश्न 14 हैं।
- खंड 'अ' में उप - प्रश्नों सहित 40 वस्तूपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड 'अ' (वस्तूपरक प्रश्न)**

खण्ड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए – **1X10=10**

ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग स्थल पर एकात्म धाम का निर्माण एक अद्भुत प्रकल्प है। देश के प्रमुख संत–महात्माओं की उपस्थिति में एकात्म प्रतिमा के लोकार्पण को भव्य स्वरूप देने का सफल प्रयास किया जा रहा है। आचार्य शंकर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्तर पर राष्ट्रीय एकता का सूत्रपात करने वाले साधक थे। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम उनकी सांस्कृतिक एकता यात्रा का मध्य बिंदु मध्यप्रदेश ही रहा है। अद्वैत वेदांत ही है जो दुनिया को संघर्षो से बचा सकता है, और शांति, स्नेह, प्रेम, आत्मीयता, का संदेश दे सकता हैं। मध्यप्रदेश में दोनों ज्योर्तिलिंगों मंदिर के आस–पास धर्म–संस्कृति को विकसित किया जा रहा है। सनातन धर्म के पुनरूद्धारक,सांस्कृतिक एकता के देवदूत, और अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता आचार्य शंकर के लिए एकात्मधाम विकसित किया जा रहा है। यहाँ आदिगुरू शंकराचार्य के जीवन और दर्शन के बारे मे लोगों को जानकारी मिल सकेगी। इस भव्य–दिव्य एकात्मधाम के अंतर्गत आचार्य शंकर की 108 फीट चलायमान स्थिति में दिखाई देने वाली एकात्मता की प्रतिमा के साथ ही 'अद्वैत लोक' नाम से एक संग्रहालय और आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान भी बनाया गया है। ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की ज्ञान और गुरू भूमि भी है। यहीं उनकी अपने गुरू गोविंद भगवत्पाद से मुलाकात हुई। यहीं 4 साल रहकर उन्होने विद्याध्यन किया। 12 वर्ष की आयु में ओंकारेश्वर से ही अखंड भारत में वेदांत के लोकव्यापीकरण के लिए उन्होंने प्रस्थान किया। यही वजह है कि ओंकारेश्वर में स्थित मांधाता पर्वत पर 12 साल के आचार्य शंकर की प्रतिमा को स्थापित किया गया हैं। आदिगुरू ने भारत की तीन बार परिक्रमा की और दुनियाँ को अद्वैत वेदांत का सिद्धांत दिया। मांधाता पर्वत पर स्थापित होने वाली एकात्म धाम यानी एकात्मता की प्रतिमा को 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' नाम दिया गया है। यहाँ प्रशिक्षण एवं सूचना केन्द्र, अभयघाट, पंचायत मंदिर, सन्यास औरा गुफा मंदिर सहित 35 हजार वन पेड़ों का वन विहार होगा। इस मूर्ति में 12 वर्षीय किशोर आचार्य शंकर की भाव–भंगिमाएँ जीवंत रूप से दिखाई पड़ेगी, जो जनमानस में एकात्म भाव का संचार कर जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देगी।

निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए–

(1) कथन A सनातन धर्म के पुनरूद्धारक,सांस्कृतिक एकता के देवदूत, और अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता आचार्य शंकर के लिए एकात्मधाम विकसित किया जा रहा है।

कारण R एकात्मधाम की इस मूर्ति में 12 वर्षीय किशोर आचार्य शंकर की भाव–भंगिमाएँ जीवंत रूप से दिखाई पड़ेगी, जो जनमानस में एकात्म भाव का संचार कर जीवन को सकारात्मक ऊर्जा के भर देगी।

(क) कथन (A) कारण (R) दोनो सही है।
(ख) कथन (A) कारण (R) दोनो सही है। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ग) कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) गलत है।
(घ) कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही करता है।

(2) ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की क्या है?

(क) कर्मभूमि है
(ख) मातृभूमि है
(ग) तप और कर्म भूमि है
(घ) ज्ञान और गुरूभूमि है

(3) दुनिया को संघर्षो से कौन बचा सकता है?

(क) अद्वैत वेदांत
(ख) आत्मीयता का संदेश
(ग) शांति, स्नेह, प्रेम
(घ) सभी सही है

(4) ओंकारेश्वर में स्थित मांधाता पर्वत पर आचार्य शंकर की प्रतिमा को स्थापित करने का क्या कारण है?

(क) उन्होंने दुनिया को वेदांत का सिद्धांत दिया
(ख) यहाँ उन्होने विद्या अध्ययन किया
(ग) ओंकारेश्वर एक ज्योर्तिलिंग है
(घ) ओंकारेश्वर से उन्होंने वेदांत के लोकव्यापीकरण के लिए प्रस्थान किया

(5) एकात्मता की प्रतिमा को क्या नाम दिया गया है?

(क) स्टैच्यू ऑफ वननेस
(ख) स्टैच्यू ऑफ फिटनेस
(ग) स्टैच्यू ऑफ लिबरटी
(घ) स्टैच्यू ऑफ आदि शंकरचार्य

(6) अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान कहाँ बनाया गया है?

(क) मध्यप्रदेश में
(ख) ओंकारेश्वर में
(ग) खंडवा में
(घ) उपर्यक्त में से कोई नही

(7) आचार्य शंकर राष्ट्रीय एकता का सूत्रपात करने वाले साधक कौन थे?

(क) सांस्कृतिक, आध्यात्मिक भौगोलिक स्तर पर
(ख) भौगोलिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक स्तर पर
(ग) आध्यात्मिक सांस्कृतिक और भौगोलिक स्तर पर
(घ) केवल ग सही है

(8) उचित मिलान कीजिए .............

| | |
|---|---|
| (I) ओंकारेश्वर | – (अ) ज्योर्तिलिंग |
| (II) अद्वैत लोक | – (ब) भगवत्पाद |
| (III) गुरू गोविंद | – (स) संग्रहालय |
| (IV) प्रशिक्षण एवं सूचना केन्द्र | – (द) एकात्मधाम |

(क) i) – अ, ii) – स, iii) – ब, iv) – द,
(ख) i) – द, ii) – ब, iii) – अ, iv) – स,
(ग) i) – अ, ii) – स, iii) – द, iv) – ब,
(घ) i) – अ, ii) – ब, iii) – द, iv) – स,

(9) आचार्य शंकर की प्रतिमा को कहाँ और किस रूप में स्थापित किया गया है?

(क) ओंकार पर्वत पर 12 साल के आचार्य शंकर
(ख) मांधाता पर्वत पर 21 वर्षीय आचार्य शंकर
(ग) ओंकारेश्वर में 12 साल के आचार्य शंकर
(घ) मांधाता पर्वत पर 12 साल के आचार्य शंकर

(10) कथन (A) देश के प्रमुख संत–महात्माओं की उपस्थिति में एकात्म प्रतिमा के लोकार्पण को भव्य स्वरूप देने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

कारण (R) आदि गुरू ने भारत की तीन बार परिक्रमा की और दुनिया को अद्वैत वेदांत का सिद्धांत दिया।

(क) कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही करता है।
(ग) कथन (A) कारण (R) दोनो सही है।
(घ) कथन (A) कारण (R) दोनो सही है। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न–2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए – **1X5=5**

हारा हूँ सौ बार
गुनाहों से लड़–लडकर
लेकिन बारम्बार लड़ा हूँ
मैं उठ–उठकर
इससे मेरा हर गुनाह भी मुझसे हारा
मैंने उपने जीवन को इस तरह उबारा
डूबा हूँ हर रोज
किनारे तक आ–आकर
लेकिन मैं हर रोज उगा हूँ
जैसे दिनकर
इससे मेरी असफलता भी मुझसे हारी
मैंने अपनी सुंदरता इस तरह सँवारी

(1) कवि गुनाहों से कैसे लड़ा है?

(क) गिर–गिरकर
(ख) उठ–उठकर
(ग) भाग–भागकर
(घ) छिप–छिपकर

(2) कवि ने अपनी असफलताओं को कैसे पराजित किया है?

(क) गुनाहों से लड़कर
(ख) घायल होकर
(ग) विजय की कामना करके
(घ) अनाचार का सामना करके

(3) ''दिनकर'' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) सूर्य
(ख) चंद्रमा
(ग) दिन
(घ) रात

(4) ''मैने अपनी सुंदरता इस तरह सँवारी'' पंक्ति द्वारा कवि के व्यक्तित्व की किस विशेषता का पता चलता है जिससे उसने विजय प्राप्त की है?

(क) अपनी सुंदरता को नष्ट करके
(ख) अपनी सुंदरता का ध्यान रखकर
(ग) अपनी सुंदरता को सँवारकर
(घ) हार न मानकर, लगातार संघर्ष करते हुए

(5) '' डूबा हूँ हर रोज किनारे तक आ–आकर'' पंक्ति का क्या अर्थ है?

(क) प्रतिदिन किनारे आकर डूब गया है
(ख) वह तैरना नहीं जानता
(ग) सफलताओं के समीप आकर भी असफल हुआ हैं
(घ) असफलताओं से नही घबराता

प्रश्न–3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए

(1) उचित मिलान कीजिए– **1X5=5**

| कॉलम I | - | कॉलम II |
|---|---|---|
| (i) बाईट | – | (अ) क्या, किसके, कहाँ, कब क्यों और कैसे |
| (ii) 2002 से अब तक | – | (ब) इंटरनेट पत्रकारिता का तीसरा दौरा |
| (iii) समाचार लेखन के ककार | – | (स) कथन। |
| (iv) विशेष लेखन का क्षेत्र | – | (द) विज्ञान प्रौद्योगिकी, अर्थ, व्यापार, शिक्षा। |

(क) अ–iii, ब ii, स– i, द– iv
(ख) अ–i, ब iv, स iii द– ii
(ग) अ–ii, ब iv, स i द– iii
(घ) अ–i, ब iii, स iv द– ii

(2) भारत में पहला छापाखाना कब खोला गया था?

(क) 1556 मुंबई
(ख) 1556 गोवा
(ग) 1556 कालीकट
(द) इनमे से कोई नही।

(3) संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन उनकी दिलचस्पी और ज्ञान को ध्यान में रखते हुए किया जाता है, मीडिया की भाषा में इसे क्या कहते है?

(क) डेस्क
(ख) संपादक
(ग) बीट
(द) फ्रीलांस पत्रकार।

(4) पत्रकारीय विशेषज्ञता का क्या अर्थ होता है?

(क) व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित न होना
(ख) विषय में जानकारी और अनुभव के आधार पर समझ को विकसित करना
(ग) उस विषय या क्षेत्र मे घटने वाली घटनाओं और मुद्दो की सहज व्याख्या करना
(घ) सभी कथन सही है

(5) स्तंभ लेखन के विषय में कौनसा कथन गलत है?

(क) यह व्यक्ति परक लेखन का रूप है
(ख) महत्वपूर्ण लेखक खास वैचारिक रूझान के लिए जाने जाते है
(ग) स्तंभ का विषय चुनने और अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता होना है
(घ) केवल 'ग' सही है

प्रश्न–4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए– **1X5=5**

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहऊँ नाथ तुरंत।
अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत।।
भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार।
मन महुँ जात सराहत पुनि–पुनि पवनकुमार।।
उहाँ राम लछिमनहि निहारी। बोले बचन मनुज अनुसारी।।
अर्ध राति गइ कपि नहिं आयउ। राम उठाइ अनुज उर लायऊ।।
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ। बंधु सदा तव मृदुल सुभाऊ।।
मम हित लागि तजेहु पितु माता। सहेहु बिपिन हिम आपत बाता।।

(1) तव प्रताप उर राखी प्रभु– यह कथन कौन किससे कह रहा है?
(क) भरत–हनुमान से
(ख) हनुमान –भरत से
(ग) हनुमान – राम से
(घ) अंगद–हनुमान से

(2) 'भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार–' पंक्ति में कौन, किसके, किन–किन गुणों की सहराना कर रहा है?
(क) भरत–राम के, बाहुबल ,व्यवहार, प्रभुपद प्रीति अपार की।
(ख) लक्ष्मण–भरत के व्यवहार, बाहुबल, प्रभुपद प्रीति अपार की।
(ग) हनुमान–भरत के बाहुबल, व्यवहार, प्रभुपद प्रीति अपार की।
(घ) केवल ग और घ सही है।

(3) लक्ष्मण का स्वभाव कैसा है?
(क) लक्ष्मण–राम को दुखी नही देख सकते, राम का आदर करते है।
(ख) लक्ष्मण–राम को दुखी नही देख सकते।
(ग) ख और घ सही है।
(घ) लक्ष्मण मृदुल स्वभाव के है।

(4) लक्ष्मण ने राम के साथ वनवास में क्या–क्या सहा था ?

(क) जंगल, धूप, हवा, तूफान (ख) धूप, हवा,तूफान, जंगल

(ग) हवा, धूप, तूफान, जंगल (घ) तूफान, धूप, जंगल, धूप

(5) उपर्युक्त पंक्तियों का प्रसंग क्या है और ये रामचरित मानस के कौन से कांड से ली गई है?

(क) शक्तिबाण लगने का प्रसंग–बाल कांड से।

(ख) शक्तिबाण लगने का प्रसंग– अयोध्या कांड से।

(ग) शक्तिबाण लगने का प्रसंग– लंका कांड से।

(घ) शक्तिबाण लगने का प्रसंग– किष्कंधा कांड से।

प्रश्न–5 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प वाले चुनि**ए– 1X5=5**

कुछ तो बचपन के आर्यसमाजी संस्कार थे और एक कुमार–सुधार सभा कायम हुई थी उसका उपमंत्री बना दिया गया था–सो समाज–सुधार का जोश कुछ ज्यादा ही था। मुझे अपने बचपन में जिससे सबसे ज्यादा प्यार मिला वे थीं जीजी। यूँ मेरी रिश्ते में कोई नही थीं। उम्र में मेरी माँ से भी बड़ी थीं। पर अपने लड़के–बहू सबको छोड़ कर उनके प्राण मुझी में बसते थे। और वे थीं उन तमाम रीति–रिवाजों, तीज–त्योहारों, पूजा–अनुष्ठान की खान जिन्हें कुमार–सुधार सभा का यह उपमंत्री अंधविश्वास कहता था, पर मुश्किल यह थी कि उनका कोई पूजा–विधान, कोई त्योहार अनुष्ठान मेरे बिना पूरा नहीं होता था। दीवाली है तो गोबर और कौड़ियों से गोवर्धन और सतिया बनाने में लगा हूँ, जन्माष्टमी है तो रोज आठ दिन की झाँकी तक को सजाने और पँजीरी बाँटने में लगा हूँ हर–छठ है तो छोटी रंगीन कुल्हियों में भूजा भर रहा हूँ। किसी में भुना चना, किसी में भुनी मटर, किसी में भुने अरवा चावल, किसी में भुना गेहूँ। जीजी यह सब मेरे हाथों से करातीं, ताकि उसका पूण्य मुझे मिले।

(1) लेखक में समाज सुधार का जोश क्यों ज्यादा था?

(क) वह कुमार–सुधार–सभा का उपमंत्री था

(ख) आर्य समाजी संस्कारों के कारण

(ग) अंधविश्वासों के खिलाफ था

(घ) क, ख, ग तीनों सही

(2) जीजी के कौन से कार्य लेखक के बिना पूरे नहीं होते थे?

(क) अनुष्ठान, त्योहार, पूजा–विधान

(ख) पूजा–विधान, त्योहार, अनुष्ठान

(ग) त्योहार, पूजा–विधान, अनुष्ठान

(घ) कोई भी सही नहीं है

(3) कथन A दीवाली है तो गोबर और कौड़ियों से गोवर्धन और सतिया बनाने में लगा हूँ।
कारण (R) जीजी यह सब मेरे हाथो से कराती, ताकि उनका पुण्य मुझे मिले।

(क) कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) गलत है।

(ख) कारण (R) और कथन (A) सही है। लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही बताता है।

(ग) कथन (A) कारण (R) दोनो सही है। कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) कारण (R) सही है, कथन (A) गलत है।

(4) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का क्या नाम है?

(क) काले मेधा पानी दे– धर्मवीर भारती

(ख) पहलवान की ढोलक– फणीश्वरनाथ रेणु

(ग) भक्तिन– महोदवी वर्मा

(घ) बाजार दर्शन– हजारी प्रसाद द्विवेदी

(5) उचित मिलान कीजिए–

| कॉलम I | | कॉलम II |
|---|---|---|
| (i) पंजीरी बांटना | – | (अ) सतिया बनाना। |
| (ii) हरछठ | – | (ब) जन्माष्टमी । |
| (iii) दीवाली | – | (स) भूजा भरना। |
| (iv) मेढक मंडली | – | (द) पानी डालना। |

(क) **i,** ख, ii ग, iii- क, i-घ
(ख) **i,** घ, ii ग, iii- क, iv-ख
(ग) **i,** ख, ii ग, iii- घ, iv-क
(घ) **i,** ख, ii ग, iii- घ, iv-क

प्रश्न–6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए– **1X10=10**

1. हम लोगो के यहाँ सिल्वर वेडिंग कब से होने लगी है।?
"जब से तुम्हारा बेटा डेढ हजार रू. माहवार कमाने लगा, तब से।।" रेखांकित कथन किसने कहा?
(क) यशोधर बाबू ने (ख) वाई.डी.पंत की पत्नी ने
(ग) किशन दा ने (घ) चंद्रदत्त तिवारी ने।

2. यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा कहाँ से पास की थी?
(क) रेम्जे स्कूल अल्मोड़ा से (ख) डीएवी स्कूल अल्मोड़ा से
(ग) आत्मानंद स्कूल–अल्मोड़ा। (घ) मुख्यमंत्री स्कूल अल्मोड़ा से।

3. मेनन से मुखातिब होकर यशोधर बाबू ने अपनी शादी की तिथि किस प्रकार बताई?
(क) मेरी शादी फरवरी 1947 में हुई थी।
(ख) 06.02.1947 आई वॉज मैरिड
(ग) आई वाज मैरिड ऑन सिक्स्थ फरवरी 1947
(घ) आई वाज मैरिड ऑन सिक्स्थ फरवरी नाइंटिन फोर्टी सेवन।

4. जूझ कहानी में बच्चे के पिता का क्या नाम था?
(क) दत्ताराव (ख) मंत्री
(ग) वसंत (घ) रत्नाप्पा।

5. दीवाली बीत जाने पर महीना भर लेखक क्या काम करता था?
(क) खेतो में 3 नंबर का गुड़ निकालता
(ख) ईख का रस गाढ़ा होने पर गुड़ ज्यादा निकलता
(ग) ईख पेरने का कोल्हू चलाता
(घ) जल्दी कोल्हू चलाता

6. पाठ में आए 'मळा' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) मन (ख) गन्ना
(ग) खेत (घ) गुड़

7. सिंधुघाटी सभ्यता के परिपक्व दौर का शहर कौनसा है?
(क) मोहन जोदड़ो–हड़प्पा (ख) मुअन जोदड़ो–हड़प्पा
(ग) मुअनजो–दड़ो–हड़प्पा (घ) हड़प्पा–मुअन–जोदड़ो।

8. बौद्ध स्तूप वाले खास हिस्से को क्या कहा जाता था। इसकी खोज किसने, कब की?
(क) गढ़–राखलदास बनर्जी–1922 (ख) खंडहर राखलदास बनर्जी 1921
(ग) चबूतरा राखलदास बनर्जी 1922 (घ) टीला काशी नाथ दीक्षित–1922

9. सिंधु घाटी में मिले अजायबघर की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?

(क) यह अजायबघर बहुत बड़ा है
(ख) इसमें सभी प्रकार की वस्तुएँ संग्रहित हैं
(ग) कला का उत्कृष्ट नमूना है
(घ) इसमें औंजार हैं, परन्तु हथियार नहीं।

10. उचित मिलान कीजिए–

| कॉलम I | – | कॉलम II |
|---|---|---|
| (i) जूझ | – | (अ) अद्वितीय वास्तु कौशल |
| (ii) बीज वाक्य | – | (ब) उच्च वर्ग बस्ती |
| (iii) गढ़ | – | (स) जो हुआ होगा |
| (iv) सिंधु घाटी सभ्यता | – | (द) आनंदा यादव |

(क) i, द, ii अ, iii- स, i-ब ।
(ख) i, द, ii स, iii- अ, iv-ब।
(ग) i, द, ii स, iii- ब, iv-अ।
(घ) i, ब, ii स, iii- अ, iv-द।

## खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 7 दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन लिखिए– **1X6=6**

(1) प्रकृति के प्रति उदासीनता, चैन जीवन का छीनता।
(2) किसी ऐसी घटना का वर्णन कीजिए जिसमें आपको लगा हो कि समय अचानक बदल जाता है। दुख और कष्ट जब सुख और खुशी में बदल जाता है।
(3) कमरे में लगी दीवार घड़ी को देख कर आपके मन में उठने वाले विचारों को लिखिए।

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– **2X2=4**

(1) रेडियो नाटक में पात्रों की संख्या कम क्यों रखी जाती है?

**अथवा**

अप्रत्याशित लेखन में किन बातों का ध्यान रखा जाता है?

(2) नाटक में स्वीकार अस्वीकार की अवधारणा क्या है?

**अथवा**

**कहानी के नाट्य रूपांतरण में संवादों के महत्व पर टिप्पणी कीजिए।**

प्रश्न–9 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए– **3X2=6**

(1) टेलीविजन जनसंचार का लोकप्रिय माध्यम है, इसके महत्व पर प्रकाश डालिए?
(2) समाचार के मुख्य तत्वों का नाम लिखकर किस एक का संक्षिप्त परिचय दीजिए?
(3) विशेषीकृत पत्रकारिता पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए?

9

प्रश्न–10 काव्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – **3X2=6**

(1) उषा कविता में प्रातः कालीन आकाश का चित्रण किन–किन बिंबों के माध्यम से किया गया है।
(2) बच्चे द्वारा चाँद मांगने की जिद करने पर माँ क्या करती है? अपने शब्दों में लिखिए?
(3) बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले किन–किन परिवर्तनों को 'बादलराग' कविता रेखांकित करती है।

प्रश्न—11 **काव्य खंड पर आधारित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए –** **2X2=4**

(1) भाषा को सहुलियत से बरतने का क्या अभिप्राय है? बात सीधी थी कविता के आधार पर लिखिए।

(2) हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे—पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है। **कैमरे मे बंद अपाहिज कविता के आधार पर लिखिए।**

(3) दिशाओं को मृदंग की तरह बजाने का क्या तात्पर्य है? पतंग कविता के आधार पर लिखिए ।

प्रश्न—12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए— **2X3=6**

(1) मनुष्यों की क्षमता किन बातों पर निर्भर करती है? **श्रम विभाजन और जाति प्रथा पाठ के आधार पर लिखिए।**

(2) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों जाना है?

(3) महामारी फैलाने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य में क्या अंतर होता था? **पहलवान की ढोलक पाठ के आधार पर लिखिए।**

प्रश्न—13 निम्नलिखत में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए— **2X2=4**

(1) किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते हैं? **बाजार दर्शन पाठ के आधार पर लिखिए**

(2) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा लेने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है?

(3) पानी दे गुड़धानी दे में पानी के साथ गुड़धानी की माँग क्यों की जा रही है? काले मेघा पानी दे पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न—14 निम्नलिखत प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों में दीजिए— **2X2=4**

(1) सिंधुघाटी सभ्यता में जल निकासी का अत्यंत सुव्यवस्थित प्रबंध था। कैसे बताइए?

(2) कविताओं के साथ खेलते हुए आनंदा को किस प्रकार की शक्ति का एहसास हुआ?

(3) यद्यपि यशोधर बाबू को सिल्वर वेडिंग की पार्टी समहाउ इंप्रापर लगी थी, फिर भी उन्हें किस बात का संतोष था?

——00——